**खबर संक्षेप**

### माध्यमिक शाला सुखराम में बांटी निःशुल्क साइकिलें



**नारायणगंज।** विकासखंड नारायणगंज के माध्यमिक शाला सुखराम में शिक्षा को प्रोत्साहित करने और बच्चों को सुविधा प्रदान करने के उद्देश्य से एक भव्य निःशुल्क साइकिल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में जनपद अध्यक्ष आसाराम भारतीया और ग्राम पंचायत के सरपंच कमल सिंह मरावी उपस्थित रहे। अतिथियों द्वारा स्कूल के छात्र-छात्राओं को निःशुल्क साइकिलें भेंट की गईं। नई साइकिल पाकर बच्चों के चेहरे खुशी से खिल उठे। इस कार्यक्रम में विशेष रूप से प्रमोद यादव सहित ग्राम के सम्मानित पंचगण और बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे। सभी उपस्थित लोगों ने इस पहल की सराहना की और बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उनका उत्साहवर्धन किया।

### जनसुनवाई में कलेक्टर ने सुनी 98 लोगों की समस्याएं

**मण्डला।** जिला योजना भवन में आयोजित साप्ताहिक जनसुनवाई के दौरान कलेक्टर श्री राहुल नामदेव धोटे ने नागरिकों की समस्याओं को गंभीरता से सुना और आवेदन के निराकरण के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री धोटे ने जनसुनवाई में पहुंचे प्रत्येक आवेदक की समस्या का न्यायोचित समाधान करने की बात कही। कलेक्टर ने जनसुनवाई में मौके पर मौजूद संबंधित विभागीय अधिकारियों को समय-सीमा के भीतर आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

## शिक्षक ही नहीं तो पढ़ायेगा कौन

# पीएमश्री स्कूलों को बनाया मजाक





*** विषय विशेषज्ञ शिक्षकों का मण्डला में आखिर क्या काम।**

हरिभूमि न्यूज ⏭ मण्डला

पीएमश्री विद्यालयों का लक्ष्य केवल बेहतर भवन या संसाधन उपलब्ध कराना नहीं, बल्कि ऐसा शिक्षण वातावरण तैयार करना है जहाँ प्रत्येक विद्यार्थी गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, आधुनिक सुविधाएँ, जीवन कौशल, नैतिक मूल्य और 21वीं सदी की आवश्यक क्षमताएँ प्राप्त कर सके तथा विद्यालय अपने क्षेत्र के अन्य विद्यालयों के लिए आदर्श (मॉडल स्कूल) के रूप में स्थापित हो। इसी उद्देश्य को लेकर पीएमश्री स्कूल जिले में भी संचालित हो रहे हैं लेकिन जिन स्कूलों को पीएमश्री की मान्यता मिली है क्या वे इन उद्देश्यों की पूर्ति कर पा रहे हैं अथवा नहीं। जिले की हकीकत यह है कि इन स्कूलों को शिक्षा विभाग के अधिकारियों ने मजाक बनाकर रख दिया है पीएमश्री का तमगा तो लगा है लेकिन 11वीं और 12वीं कक्षा के छात्रों को पढ़ाने वाले शिक्षक ही नहीं है अब जब 10वीं कक्षा पढ़ाने वाला शिक्षक इन्हें पढ़ायेगा तो फिर समझा जा सकता है कि कैसें 21वीं सदी की चुनौतियों का ये छात्र सामना कर पायेंगे और कैसें कौशल में निपुण होकर अपने आपको प्रशिक्षित कर पायेंगे और न केवल अपना पालन पोषण कर सकेंगे बल्कि दूसरों को भी रोजगार देने लायक बन पायेंगे।

हम चर्चा कर रहे हैं मोहगांव जनपद के एक पीएमश्री स्कूल की जहां के छात्र कल स्थानीय सरपंच की अगुवाई में कलेक्टर कार्यालय पहुंचे और शिक्षक न होने की बात बताई तब कहीं जाकर जिला प्रशासन को ज्ञात हुआ कि संबंधित स्कूल में हायर सेकेण्डरी पढ़ाने वाले शिक्षक ही नहीं है क्या इस बात की जानकारी जिला प्रशासन को शिक्षा विभाग के अधिकारियों ने कभी नहीं दी, विभागवार जो जिला मुख्यालय में बैठकें होती है तो क्या उनमें ये विषय नहीं आते, जिला योजना समिति की बैठक में भी क्या इन सबसे अनजान रहा जाता है और अभी कुछ ही दिन पूर्व अनुसूचित जनजाति आयोग के सदस्य आये थे जिन्होंने अधिकारियों के साथ बैठक की और जनजाति वर्ग के छात्र-छात्राओं को दी जा रही सुविधाओं पर व्यापक चर्चा की क्या उस दौरान भी वहां उपस्थित किसी भी अधिकारी या जनप्रतिनिधि को इस बात का संज्ञान नहीं था यदि था तो पहले कार्यवही क्यों नहीं की गई।

विकासखण्डों में जो विषय विशेषज्ञ शिक्षक पदस्थ थे वे या तो अपने प्रभुत्व के चलते जिला मुख्यालय में संलग्न हो गये हैं या फिर वैकल्पिक व्यवस्था के तहत उन्हें जिला मुख्यालय में पदस्थ कर दिया गया है। अब ये वैकल्पिक व्यवस्थायें क्यों और किन आधार पर होती हैं इस पर जिले के जितने भी बुद्धिजीवी हैं वे अच्छी तरह से परिचित हैं। बार-बार मीडिया में इन मुद्दों को स्थान मिलता है उसके बावजूद ग्रामीण क्षेत्र के शिक्षक आखिर जिला मुख्यालय में कर क्या रहे हैं और फिर जब प्रदेश स्तर से आदेश हो चुके हैं कि संलग्नीकरण किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जायेगा तो फिर जिले के अधिकारियों पर इस आदेश का कोई प्रभाव क्यों नहीं पड़ पा रहा।

मोहगांव विकासखण्ड के ही ऐसे बहुत से विज्ञान एवं गणित के शिक्षक हैं जिनसे जिला मुख्यालय में दूसरे काम लिये जा रहे हैं और जब ऐसा होगा तो निश्चित रूप से विद्यार्थियों का हक तो प्रभावित होगा ही।

जिला मुख्यालय पहुंचे छात्र-छात्राओं और सरपंच ने बताया कि विद्यालय में 11वीं कक्षा में गणित, जीवविज्ञान और कला संकाय के लगभग 100 विद्यार्थी तथा 12वीं में 65 विद्यार्थी अध्ययनरत हैं। स्कूल का उन्नयन होने के बावजूद विषयवार शिक्षक उपलब्ध नहीं कराए गए हैं। उन्होंने यह भी बताया कि 12वीं के वर्तमान बैच का एक शैक्षणिक वर्ष बिना नियमित विषय शिक्षकों के ही बीत चुका है, जिससे उनकी पढ़ाई का काफी नुकसान हुआ है। अब इस पर जनजाति कार्य विभाग के जिम्मेदार यह सफाई दे रहे हैं कि उन्नयन की प्रक्रिया पहले हो जाती है जबकि पदों की स्वीकृति बाद में मिलती है इन महोदय जी को इतना तो ज्ञात होगा कि विकासखण्ड के जो विषय विशेषज्ञ हैं तब तक उनके माध्यम से अध्ययन कार्य कराया जा सकता है ताकि विद्यार्थियों को विषयवार ज्ञान तो प्राप्त होता रहे।

## गुरूपूर्णिमा आज, होगा गुरूओं का सम्मान



हरिभूमि न्यूज ⏭ मण्डला

आज गुरूपूर्णिमा पर्व पर गुरूओं की न केवल पूजा की जायेगी बल्कि उन्हें यथाशक्ति उपहार देकर सम्मानित भी किया जायेगा। जिन लोगों ने अभी भी गुरूदीक्षा नहीं ली है वे या तो भगवान भोलेनाथ को अपना गुरू समझकर उनकी आज के दिन पूजा करेंगे या फिर हमारे मण्डला नगर में जो सिद्ध और योगी हुये हैं उन्हें भी गुरू मानकर नमन करेंगे।

मण्डला नगर में बड़ी खैरी स्थित हनुमान घाट आश्रम में स्वामी सीताराम दास जी महाराज जिन्हें योगीराज की उपाधि दी गई है उनके भी बड़ी संख्या में शिष्यगण हैं जो देश-विदेश में निवास करते हैं और आज के दिन कोशिश करते हैं कि वे यहां आकर उनकी साधना स्थली को प्रणाम कर सकें आज हनुमानघाट आश्रम में स्वामी जी की शालिकराम महाराज जी की विशेष आरती की जायेगी और फिर उसके बाद प्रसाद एवं भण्डारे का वितरण होगा।

महाराजपुर स्थित दादा धनीराम जी की समाधि स्थल पर भी बड़ी संख्या में उनके शिष्य पहुंच रहे हैं यहां पर भी सुबह से ही दादा जी का अभिषेक एवं पूजन प्रारंभ हो जायेगा और फिर पूरे दिन भण्डारा जारी रहेगा।

इसी तरह सहस्त्रधारा स्थित आश्रम में भी विभिन्न आयोजन किये जायेंगे। घुघरी स्थित त्यागी जी महाराज के आश्रम में भी बड़ी संख्या में उनके भक्त पहुंच चुके हैं और आज भी पहुंचकर उनका आर्शीवाद प्राप्त करेंगे।

खैरीमाल स्थित बेलघाट आश्रम में भी गुरूपूर्णिमा पर्व पर विशेष पूजन एवं भोजन का आयोजन हो रहा है और कल से लगातार पूरे डेढ़ माह रोजाना रूद्राभिषेक होगा जिसमें कोई भी भक्त समय पर पहुंचकर धर्म लाभ उठा सकता है।

## अनुविभागीय अधिकारी कार्यालय में हुई जन सुनवाई



हरिभूमि न्यूज ⏭ मण्डला/भुआबिछिया

अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) बिछिया संस्कार बावरिया ने मंगलवार को साप्ताहिक जनसुनवाई का आयोजन किया। जनसुनवाई के दौरान विभिन्न समस्याओं एवं शिकायतों से संबंधित कुल 4 आवेदन प्राप्त हुए।

एसडीएम संस्कार बावरिया ने सभी आवेदनों को गंभीरता से लेते हुए उनकी सूक्ष्मता से जांच कराने के निर्देश संबंधित विभागों के अधिकारियों को दिए। उन्होंने कहा कि प्रत्येक प्रकरण की निष्पक्ष एवं समयबद्ध जांच सुनिश्चित करते हुए नियमानुसार उचित कार्रवाई की जाए, ताकि आवेदकों को शीघ्र न्याय मिल सके।

जनसुनवाई के दौरान नागरिकों की समस्याओं को ध्यानपूर्वक सुना गया तथा संबंधित विभागों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए गए। प्रशासन ने स्पष्ट किया कि आमजन की शिकायतों के त्वरित निराकरण के लिए जनसुनवाई एक प्रभावी माध्यम है और प्राप्त प्रत्येक आवेदन पर संवेदनशीलता एवं पारदर्शिता के साथ कार्रवाई की जाएगी।

## नशे से दूरी है ज़रूरी अभियान के अंतर्गत खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन



हरिभूमि न्यूज ⏭ मण्डला


मध्यप्रदेश पुलिस मुख्यालय, भोपाल के निर्देशानुसार एवं पुलिस अधीक्षक मंडला राजेश रघुवंशी के मार्गदर्शन में संचालित ₹नशे से दूरी है ज़रूरी 2.0 अभियान के अंतर्गत आज दिनांक 28 जुलाई 2026 को मंडला अनुविभाग द्वारा स्थानीय महात्मा गांधी स्टेडियम, मंडला में नशामुक्ति जन-जागरूकता कार्यक्रम एवं खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं एवं विद्यार्थियों को खेलों के माध्यम से स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करना तथा नशीले पदार्थों के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक कर नशामुक्त समाज के निर्माण हेतु जनभागीदारी सुनिश्चित करना था।

कार्यक्रम में जिले के विभिन्न शासकीय एवं अशासकीय विद्यालयों के 700 से अधिक छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। विद्यार्थियों ने NO TO DRUGS संदेश अंकित तख्तियां लेकर नशे के विरुद्ध जन-जागरूकता का संदेश दिया तथा स्वयं नशे से दूर रहने एवं समाज को नशामुक्त बनाने का सामूहिक संकल्प लिया।

आयोजित खेलकूद प्रतियोगिताओं के माध्यम से विद्यार्थियों को स्वस्थ जीवन, अनुशासन एवं सकारात्मक सोच का महत्व बताया गया। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शिव कुमार वर्मा द्वारा विद्यार्थियों को नशीले पदार्थों के शारीरिक, मानसिक, सामाजिक एवं आर्थिक दुष्प्रभावों की जानकारी देते हुए उन्हें खेल, शिक्षा एवं सकारात्मक गतिविधियों से जुड़ने के लिए प्रेरित किया।

## हरिभूमि की खबर का असर जांच हेतु जांच दल नियुक्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ मण्डला




जनपद पंचायत मण्डला की ग्राम पंचायत पटपरा रैयत में पिछले 10-15 वर्षो से लगातार हो रहे भ्रष्टाचार को लेकर ग्रामीणों ने पहले भी शिकायत की थी लेकिन पंचायत सचिव एवं जनपद के अधिकारी, कर्मचारियों की सांठ-गांठ के चलते न तो इस पर कोई जांच हुई और न ही कोई कार्यवाही की गई।

और इसी का परिणाम हुआ कि बेनामी नामों से हजारों, लाखों रूपये का आहरण होता रहा ये पैसे किस लिये निकाले गये किसके लिये निकाले गये इसका कोई स्पष्ट जबाव ग्रामीणों को नहीं मिल सका जब इसकी जानकारी हरिभूमि को हुई तो अखबार में आंकड़ों के आधार पर खबरें प्रकाशित की गई और फिर उन खबरों को संज्ञान में लेते हुये जिला पंचायत द्वारा एक जांच दल का गठन किया गया इस जांच दल में तीन लोग शामिल हैं जिसमें तकनीकि सहायक वाटरशेड जिला पंचायत के उमेश सिंगरौरे दूसरे जिला पंचायत के लेखा अधिकारी प्रवीण श्रीवास एवं खण्ड पंचायत अधिकारी जनपद पंचायत मण्डला के राजाराम मरावी शामिल हैं इन्हें एक सप्ताह के अंदर जांच कर प्रतिवेदन अपने अभिमत सहित कार्यालय को प्रस्तुत करना था यह आदेश 21 जुलाई को जारी किया गया आज 29 जुलाई है अभी तक जांच दल पंचायत नहीं पहुंचा है अब देखना होगा कि यह दल कब जांच करेगा और कब अपना प्रतिवेदन प्रस्तुत करेगा।

**चक्काजाम** | **बिजली, पानी एवं स्कूल की समस्या को लेकर पौड़ी में बकौरी तिराहे पर हुआ प्रदर्शन।**

# क्षेत्रीय समस्याओं को लेकर किया नेशनल हाईवे जाम

*** तीन घंटे की मशक्कत के बाद खुला रास्ता।**





हरिभूमि न्यूज ⏭ मण्डला

मंडला जिले में मंगलवार को ग्रामीणों ने क्षेत्रीय समस्याओं के समाधान की मांग को लेकर नेशनल हाईवे-543 (मंडला-डिंडोरी मार्ग) पर चक्काजाम कर दिया। ग्राम पंचायत पोड़ी के बकोरी तिराहा पर करीब तीन घंटे तक चले प्रदर्शन के कारण हाईवे पर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं। अधिकारियों के आश्वासन के बाद आंदोलन समाप्त हुआ।

### पूर्व राज्यमंत्री समेत बड़ी संख्या में ग्रामीण पहुंचे

सुबह करीब 11:30 बजे शुरू हुए प्रदर्शन में पूर्व राज्यमंत्री देवेंद्र तेकाम सहित पोड़ी, सिंगारपुर, झालपानी और आसपास के गांवों के ग्रामीण शामिल हुए। प्रदर्शनकारियों का कहना था कि वे लंबे समय से अपनी समस्याओं के समाधान के लिए अधिकारियों के पास जा रहे हैं, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई।

### बिजली, स्कूल और पेयजल की समस्याएं उठाईं

ग्रामीणों ने बताया कि पोड़ी क्षेत्र में रात के समय बिजली विभाग का लाइनमैन उपलब्ध नहीं रहता, जिससे फॉल्ट होने पर बिजली बहाल होने में काफी समय लग जाता है। उन्होंने बालक माध्यमिक विद्यालय पोड़ी के भवन निर्माण, नर्मदा शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पोड़ी लिंगा में बाउंड्री वॉल और छात्राओं के लिए शौचालय निर्माण की मांग भी की। इसके अलावा पोड़ी माल और पोड़ी रैयत में नलकूपों की मरम्मत सहित अन्य मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने की मांग रखी।

### तीन घंटे बाद समाप्त हुआ चक्काजाम

चक्काजाम की सूचना मिलते ही पुलिस बल के साथ पीएचई विभाग के अधिकारी मनोज भास्कर, जनजातीय कार्य विभाग के सहायक आयुक्त और विद्युत विभाग के अधिकारी मौके पर पहुंचे। अधिकारियों ने ग्रामीणों से चर्चा कर समस्याओं के शीघ्र निराकरण का आश्वासन दिया। इसके बाद करीब तीन घंटे से अधिक समय तक चला चक्काजाम समाप्त हुआ और नेशनल हाईवे-543 पर यातायात सामान्य हो गया।

## संत श्री गुरु रविदास महाराज के विचारों को जन-जन तक पहुँचाएगा समृद्ध संकल्प अभियान



हरिभूमि न्यूज ⏭ मण्डला

भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय, मंडला में संत शिरोमणि श्री गुरु रविदास महाराज की 650वीं जयंती के पावन अवसर पर आयोजित होने वाले राष्ट्रव्यापी श्री गुरु रविदास महाराज समृद्ध संकल्प अभियान के सफल संचालन को लेकर जिला स्तरीय बैठक संपन्न हुई।

बैठक की अध्यक्षता भाजपा जिला अध्यक्ष प्रफुल्ल मिश्रा ने की। उन्होंने अभियान की रूपरेखा, उद्देश्य एवं आगामी कार्यक्रमों की विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि यह अभियान 29 जुलाई 2026 से 20 फरवरी 2027 तक पूरे देश में संचालित किया जाएगा। अभियान के माध्यम से संत श्री गुरु रविदास महाराज के समता, भक्ति, सेवा, सामाजिक न्याय, मानवता, सद्भाव, श्रम की गरिमा एवं राष्ट्र निर्माण के विचारों को जन-जन तक पहुँचाने के लिए विभिन्न धार्मिक, सामाजिक, सांस्कृतिक एवं जनसंपर्क कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

श्री मिश्रा ने सभी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं का आह्वान करते हुए कहा कि अभियान को प्रत्येक बूथ, प्रत्येक वार्ड तथा समाज के प्रत्येक वर्ग तक पहुँचाकर इसे जनभागीदारी का व्यापक अभियान बनाया जाए। उन्होंने कहा कि संगठन का प्रत्येक कार्यकर्ता अभियान की सफलता के लिए पूर्ण समर्पण, सक्रियता एवं सेवा भाव के साथ कार्य करेगा।

बैठक में अभियान के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु संगठनात्मक दायित्वों का निर्धारण किया गया तथा आगामी कार्यक्रमों की विस्तृत कार्ययोजना पर विचार-विमर्श किया गया। उपस्थित सभी कार्यकर्ताओं ने अभियान को पूर्ण निष्ठा एवं समर्पण के साथ सफल बनाने का सामूहिक संकल्प लिया।

**न्यायालय तहसीलदार तहसील बिछिया जिला मण्डला (म.प्र.)**

क्रमांक /315/तह./प्रवा./2026

बिछिया दिनांक 28.07.2026

प्रति,

श्यामलाल, भीखमलाल अग्रवाल पिता गोविंद प्रसाद अग्रवाल निवासी भुआ बिछिया तह. बिछिया न्यायालय में पंजीबद्ध रा.प्र.क. 0017 (16) 2026-27

उपरोक्त विषयांतर्गत लेख है कि आपके द्वारा आवेदन पत्र पेश किया गया है कि ग्राम बिछिया पह.नं. 46 रा.नि.म. बिछिया में स्थित भूमि खसरा नं. 18 242 / 1 242 / 2.342 रकबा 9.11, 0.40 0.40, 424 हे. भूमि राजस्व अभिलेख में शामिल खाते में दर्ज है। आवेदित भूमि की बटवारा हेतु आपके द्वारा आवेदन प्रस्तुत किया गया है, परंतु आवेदित भूमि के कुछ हितबद्ध पक्षकार भूमि ग्राम में निवासरत नही है। चूंकि प्रकरण में पूर्व में इश्तहार प्रकाशन किया जा चुका है। अत: प्रकरण में जारी इश्तहार की अवधि को दिनांक 28.07.2026 से 15 दिवस के भीतर न्यायालय में उपस्थित होकर दावे आपत्ति प्रस्तुत करें

पेशी दिनांक 12.08.2026

तहसीलदार
बिछिया

## खबर संक्षेप



### अंधा धुंध हो रही बिजली कटौती, विद्युत सब स्टेशन का किया घेराव

हरिभूमि न्यूज/कल्याणपुर। शहरों की स्थिति तो ठीक है मगर ग्रामीण क्षेत्रों में जिस तरह बिजली की अंधाधुंध कटौती की जा रही है उसके चलते इस समय पड़ रही उमस भरी कर्मी के चलते ग्रामीण जहां रात के समय अपने घरों में सो नही पा रहे है तो दूसरी ओर स्कूली बच्चों की पढ़ाई प्रभावित होने से नही चूक पा रही है। हाल यह बना हुआ है कि चल रहे बारिश के सीजन के दौरान अनेक जहरीले सर्प सहित अन्य जीव जंतु गांवों के लोगों के घरों में प्रवेश करने से नही चूक रहे है। मगर रात रात भर बिजली नही रहने के कारण जहां ग्रामीणों को मच्छरों के बीच अपनी राते गुजारने के लिये मजबूर होते हुये देखा जा रहा है तो दूसरी ओर लोग दहशत में देखे जा रहे है। सबसे बुरी स्थिति तो उन किसानों की है जो खेतों में मकान बनाकर निवास कर रहे है। क्योंकि खेतों की बिजली मात्र दस घंटे के नाम पर चंद घंटे ही चालू की जाती है।

### सूखाखैरी स्कूल में हुआ कौशल प्रदर्शनी का आयोजन



हरिभूमि न्यूज/चीचली। शासन के आदेश अनुसार बीते हुये दिवस शास उच्च मा वि सूखाखैरी विकासखंड चीचली में युवा कौशल प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। बताया जाता है कि इस अवसर पर व्यावसायिक पाठ्यक्रम में शामिल हुए विद्यार्थियों ने कृषि एवं सूचना संचार प्रौद्योगिकी के संबंध में पोस्टर तैयार करने के साथ ही अपने कौशल का परिचय दिया । इस दौरान शिक्षको ने विद्यार्थियों को रोजगारोन्मुखी कौशल एवं आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित किया। इस कार्यक्रम को सफलतापूर्वक एवं उत्साहपूर्वक सम्पन्न कराने में प्राचार्य महेंद्र सिंह पटेल, डॉ संदीप कुमार मेहरा, सोनू कुमरे, नितेंद्र प्रताप सिंह राजगोंड, अमित मेहरा, सुश्री निति कौरव एवं विद्यालय के समस्त शिक्षकों का अहम योगदान रहा।

### बेडमिंटन, फुटबाल सहित ताईक़्वाडो में विद्यार्थियों ने किया प्रतिभा का प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा। स्कूल शिक्षा विभाग के अंतर्गत सत्र 2026-27 की विकासखंड स्तरीय शालेय बैडमिंटन, ताईक़्वाँडो एवं फुटबाल प्रतियोगिताओ का आयोजन स्थानीय न्यू एज पब्लिक स्कूल में किया गया। इस प्रतियोगिता में अंडर 14, 17 एवं 19 आयु वर्ग के छात्र छात्राओं ने सहभागिता करते हुए अपने जौहर दिखाए। प्रतियोगिता उपरांत जिला स्तरीय स्पर्धाओ हेतु छात्र छात्राओं का चयन उनके बेहतर खेल के आधार पर किया गया। इन प्रतियोगिताओ में साईंखेड़ा विकासखंड की शासकीय/अशासकीय विद्यालय के छात्र-छात्राएं शामिल हुए।

# सांईखेड़ा में आज लगेगा भक्तों का मेला, टिक्कड व चने की भाजी प्रसादी के रूप में वितरण के साथ आयोजित होंगे कार्यक्रम, दादा धाम को अनोखे तरीके से सजाया













**हरिभूमि न्यूज/ सांईखेड़ा। भारतीय संस्कृति में मनुष्य के जीवन को तराशने वाले सद्गुरूओं का स्थान सर्वोच्च माना गया है तथा गुरू समाज की भलाई के लिए काम करने के अलावा अपने शिष्यों को संस्कारित करते है व उनके ह्दयों को निर्मल बनाते हैं। अपने अद्भुत आदर्शों के जरिए वे अपने शिष्यों को सदा ही जीवन की नई राह दिखाकर उनके व्यक्तित्व को भव्यता प्रदान करने से नही चूकते हैं। सद्गुरू अपने प्राणों से प्रिय शिष्यों के कल्याण के लिए अजीवन समर्पित रहते है, जिसका परिणाम है कि सद्गुरूओं के शिष्य अपने वंदनीय गुरूओं को देवता के समान मान उनके चरणों में हमेशा नमन करते हुए उनका गुणगान करते हैं। इसी के चलते प्रतिवर्ष के अनुसार इस वर्ष भी आज आषाढ़ मास की पूर्णिमा दिन बुधवार को गुरू पूर्णिमा पर्व के मौके पर शिष्य अपने गुरूओं का पूजन व सम्मान करते हुए उनका आर्शीवाद ग्रहण करेगे। क्योंकि काफी लम्बे अरसे के बाद सृष्टि के प्रथम पूज्य भगवान गणेश जी के प्रिय दिवस बुधवार के दिन गुरू पूर्णिमा का यह पावन पर्व विशेष शुभकारी बताया जाता है।**

इसी के चलते गुरू पूर्णिमा के मौके पर नगर से लेकर क्षेत्रवासियों में गुरू वंदना के स्वर गूँजेगें और शहर के निवासियों द्वारा श्रद्धाभाव से अपने गुरूओं की पूजन की जाएगी। गौरतलब है कि विख्यात संत, चमत्कारी विभूति दादा धूनी वालो की नगरी सांईखेड़ा नगर संतो की तपोभूमि रही है। जिसमें दादा धूनी वालों की धूनी लगातार प्रज्ज्वालित हैं और उनके एक भव्य मंदिर का निर्माण हो चुका है। दादा दरबार में बारह माह जहां दादा धूनी वालों के भक्तों का तांता लगा रहता है वही उनकी कृपा के चलते क्षेत्र में खुशहाली फैलती रहती है जिसके चलते प्रतिवर्ष गुरू पूर्णिमा के अवसर पर उनके भक्तों का यहां पर भव्य मेला लगता है। बताया जाता है कि आज गुरू पूर्णिमा के चलते सांईखेड़ा नगर को दादा धूनी वालो के दिव्य दरबार की भी आकर्षक सजावट की गयी है। वही आज बुधवार गुरू पूर्णिमा के अवसर दादा धूनी वालों के दरबार में विविध धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएॅगे तथा बड़ी संख्या में आने वाले दादा जी के भक्त स्वामी केशवानंद महाराज की पूजन, वंदना कर अपना जीवन धन्य बनायेगें, जिसके चलते देश व प्रदेश के कोने कोने से दादा भक्तों का एक दिन पूर्व से ही आना शुरू हो गया था जिसमें देखा गया कि खंडवा सहित अन्य क्षेत्र के दादा भक्तों का एक पैदल व वाहनों से जत्था आज सांईखेड़ा पहुंचा इन जत्थों में शामिल अनेक युवा, वृद्व, महिलाएं व बच्चें शामिल है जो पैदल चलते सांईखेड़ा की ओर जा रहे थें। वही दादा की भक्ति में लीन होकर नृत्य करते हएु दिखाई दिये । इन जत्थों को रास्तों में लोगों द्वारा जहां तहां स्वागत किया जा रहा है। प्रतिवर्ष के अनुसार गुरू पूर्णिमा के एक दिन पूर्व कल मंगलवार को नगर में अनेक प्रकार के धार्मिक कार्यक्रम आयोजित हुये। वही बाहर से आने वाले दादा भक्तों का स्वागत किया गया। दादा धूनी वालों के भक्तों द्वारा अपने साथ पालकी लेकर दादा धूनी वालों के नारे लगाते हुये देखा जा रहा है। इस यात्रा में शामिल लोगों का दादा भक्तों द्वारा जहां तहां भव्य स्वागत किया गया। वही आज गुरू पूर्णिमा की तैयारियों को लेकर हमारे हरिभूमि प्रतिनिधि दीपक अग्रवाल द्वारा जानकारी देते हुए बताया गया है कि सांईखेड़ा के दादा भक्तों द्वारा भी अपनी ओर से अनेक प्रकार की तैयारियाँ की जा रही है, जिसमें दादा के भोजन के लिए प्रसिद्व रहे टिक्कड व चने की भाजी का प्रसादी के रूप में वितरण किया जाता है। वह नगर के केटरीनों में मुख्य रूप से हर साल राकेश अग्रवाल अनघोरी नर्मदा केटरिन द्वारा बनाये जाते है जिसके चलते नगर के प्रमुख स्थल पर एक दिन पूर्व से ही टिक्कड बनने का कार्य शुरू हो गया था जो लगातार तीन दिनों तक दादा भक्तों को प्रसादी के रूप में यही टिक्कड वितरण किये जावेगे तथा इसके आलवा अन्य प्रसादी को विरतण भी किया जावेगा। वही गुरू पूर्णिमा के एक दिन पूर्व यानि की कल मंगलवार को दादा धूनी वालों की नगरी को विशेष रूप से सजाया गया है। आज लगने वाले भव्य मेला की तैयारियों के लिये प्रशासनिक स्तर पर भी बडे जोर शोर से तैयारियां की गई है। पुलिस अधिकारियों द्वारा आयोजन को शांति पूर्वक संपन्न कराने के लिये विचार मांगे गये। क्योंकि देखा जा रहा है कि गुरू पूर्णिमा के एक दिन पहले से ही सैकड़ो की संख्या में दादा भक्तों का नगर में आगमन होने लगा है जिसके चलते नगर के प्रमुख मार्गो से भ्रमण करते हुये यह लोग दादा धाम पहुंच रहे है। बताया जाता है कि बाहर से आने वालें लोगों में सैकड़ो दादा भक्त शामिल देखे जा रहे हे जो नगर के प्रमुख मार्गो से पालकी के साथ शामिल होकर जयकारे लगाते हुये नगर को पूर्ण रूप से धर्ममय बनाने में कोई कसर नही छोड़ रहे है तो दूसरी ओर शांति व्यवस्था बनाने के लिए उप पुलिस अधीक्षक ललित सिंह डागुर द्वारा कानून व्यवस्था बनाने में जुटे हुए देखा जा रहा है। आज दादा दरबार में उमड़ने वाली विशाल भीड़ को ध्यान में रखते हुए यहां पर कानून व्यवस्था सचारू बनाने के लिए व्यापक स्तर पर प्रबंध किये गये है। इसी प्रकार से क्षेत्र में अन्य जगहों पर भी आज गुरू पूर्णिमा मनाने की तैयारियाँ बडे जोर शोर से की जा रही है। गौरतलब है कि क्षेत्र में स्वामी केशवानंद धूनी वाले दादा, ओशो, महार्षि महेश योगी जैसे अंतर्राष्टीय स्तर पर सम्मानित सद्गुरू हो चुके हैं, जिनके शिष्यों के दिलों में आज भी उनकी यादें हिलोर मारती है। इसके अलवाा श्री श्री रविशंकर, गृहस्थ संत पं. देव प्रभाकर शास्त्री, पं. राम किंकर महाराज तथा बरमान नर्मदा तट पर शारदा मंदिर के गुरू राम खिलावन जी महाराज के शिष्य बड़ी संख्या में है। वही द्विपीठाधीश्वर स्वामी रूवरूपानंद महाराज के अनेक संतो की शिष्य मंडली भी है जिनकी ओर से गुरू पूर्णिमा की शुभ बेला में अपने गुरूओं की लोगों द्वारा पूजा, वंदना की जाएगी। बताया गया है कि गुरू पूर्णिमा के अवसर पर दादा धूनी वालों की नगरी सहित क्षेत्र के मंदिर गाडरवारा गायत्री मंदिर, खकारिया वाले दादा धाम में विविध धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा तथा गाडरवारा के ओशो लीला आश्रम में ध्यान शिविर आयोजित कर विश्व प्रसिद्ध दार्शनिक ओशो का पुण्य स्मरण किया जाएगा। गुरू पूर्णिमा के पुनीत अवसर पर आज दादा धूनी वालों के शहर से लेकर गॉवो और दूर दाराज शहरों में रहने वाले उनके शिष्य सांईखेड़ा नगर पहॅुच दादा धूनी वालों का पूजन, अर्चन करेंगे तथा उनके कई शिष्यों द्वारा दादा धूनी वालों के दरबार में भंडारा आयोजित किया जाएगा। वही गुरू पूर्णिमा के अवसर पर क्षेत्र के नर्मदा तटो पर भी भक्तों की भीड़ जुटेगी जो माँ नर्मदा के निर्मल नीर में डुबकी लगाते हुए पूजन अर्चन करते हुए क्षेत्र में सुख शांति की कामना करते हुए खुशहाली का आर्शीवाद मांगेगे। इसी के चलते कल मंगलवार से ही नर्मदा पैदल जाने वाले नर्मदा भक्तों की भीड़ नगर की सड़को पर नजर आने लगी थी।








# मूंग विक्रय करने के लिये लाईन में लगे किसान को ट्रेक्टर को डंपर ने मारी टक्कर, ट्रेक्टर टूटकर दो भागों में हुआ विभाजित






**हरिभूमि न्यूज/सिहोरा/बोहानी।** शहरों के साथ साथ ग्रामीण क्षेत्र की सड़को पर जिस तरह बेलगाम गति से डम्फरों की धमाचौकड़ी देखने मिल रही है उसका परिणाम है कि जहां ग्रामीणों की सुविधाओं के लिये सरकार द्वारा बनाई सड़को के परखच्चे उड़ने से नही चूक रहे है तो दूसरी ओर ग्रामीणों की जिन्दगी भी सुरक्षित दिखाई नही दे पा रही है..? क्योंकि ग्रामीण सड़को का निर्माण शासन द्वारा उन मापदंडो से कराया जाता है जिन पर सिर्फ किसानों व स्थानीय स्तर के वाहन निकल सके। मगर प्रभावशाली तथा माफियों द्वारा जिस तरह से दिन रात एक करते हुये अपने भारी भरकम हाईवानुमा डम्फर दौड़ाये जा रहे है उसके चलते ग्रामीणों की सुविधाओं के लिये बनाई गई सड़क जहां टूटने से नही बच पा रही है तो दूसरी ओर यह सड़के सकरी होने के साथ साथ उनकी क्षमता इतने भारी भरकम वाहनों की नही होने के चलते आये दिन ग्रामीण जन इन वाहनों की चपेट में आने से नही बच पाते है..? हाल यह बना हुआ है कि गांव की सड़को की चौड़ाई कम होने के चलते जब इन रास्तों से भारी भरकम डम्फर निकलते है तो सड़को के आसपास से निकलने वाले वाहनों के लिये सदा ही खतरा बना रहता है। कुछ इसी प्रकार की सच्चाई बीते हुये दिवस समीपस्थ ग्राम अंजसरा में देखने मिली है। जहां पर एक भारी भरकम डम्फर के चालक द्वारा तेज गति व लापरवाही पूर्वक अपने डम्फर को चलाते हुये किसान के ट्रेक्टर में टक्कर मारे जाने के चलते ट्रेक्टर टूटकर दो भागों में विभाजित हो गया। बताया जाता है कि ग्राम अंजसरा के पास स्थित जैन बेयर हाऊस में मूंग विक्रय करने के लिये आये हुये किसानों के ट्रेक्टरों की लाईन लगी हुई थी। इस दौरान जब तेज गति से भागते हुये आ रहे एक डम्फर ने मूंग से लदे किये किसान की ट्रेक्टर ट्राली में इस तरह से टक्कर मारी की जहां ट्रेक्टर बीच में से टूटकर दो भागों में विभाजित होने से नही बच पाया है। इस तरह अपनी मूंग विक्रय करने के लिये आये हुये किसान को लाखों की क्षति का सामना करने के लिये मजबूर होना पड़ा है। वही घटना की सूचना मिलते ही सिहोरा चौकी पुलिस द्वारा पहुंचकर लापरवाही डम्फर चालक के खिलाफ अपनी जांच शुरू किये जाने की खबर है।

# बिजली कटौती सहित अन्य समस्याओं को लेकर रा.कि.म. संघ ने सौंपा ज्ञापन

**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।** जहां सरकार द्वारा किसानों को सिंचाई के लिये दस घंटे तो दूसरी ओर आमजन को उपयोग हेतु अटल ज्योति के माध्यम से 24 घंटे बिजली उपलब्ध कराने की बात कही जा रही है। मगर बिजली विभाग द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में सप्लाई की जाने वाली बिजली की सच्चाई किसी से छिपी नही है। हाल यह बना हुआ है कि इस समय बारिश नही होने के चलते किसानों को अपनी धान फसल लगाने से लेकर खेतों में उंग रही सोयाबीन व गन्ना फसल को बचाने के लिये सिंचाई की जरूरत पड़ रही है। मगर निर्धारित मात्रा में बिजली नही मिलने के चलते जहां किसान अपने खेतों की सिंचाई नही कर पा रहे है तो दूसरी ओर बिजली सुधार के नाम पर घंटो तक बिजली बंद कर दी जाती है। वही दूसरी ओर जब किसी किसान के खेत पर लगा हुआ ट्रांसफर जल जाता है तो उसे बदलवाने के लिये किसानों को दिन में ही तारे नजर आने से नही चूकते है..? इस तरह बिजली विभाग की मनमानी को लेकर बीते हुये दिवस



राष्ट्रीय किसान मजदूर संघ जिला इकाई द्वारा कनिष्ठ अभियंता को अपनी मांगों को लेकर ज्ञापन सौपा गया। सौपे गये ज्ञापन में उल्लेखित किया गया है कि लोड रिलीफ के नाम पर घरेलू एवं कृषि क्षेत्र की बिजली कटौती रात के समय में जिस तरह से की जा रही है उसके चलते इस समय पड़ रही उमस भरी गर्मी में छोटे बच्चों से लेकर बुजुर्ग लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। वही दूसरी ओर अटल ज्योति योजना के तहत 24 घंटे एवं कृषि के लिये 10 घंटे बिजली देने की बात कही जा रही है। मगर वह निर्धारित से नही मिलने के कारण कटौती बंद की जावे। वही दूसरी ओर ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली सप्लाई के लिये वर्षो पुरानी जर्जर स्थिति में पहुंच चुकी विद्युत लाईनों में आये दिन गड़बड़ी होने से बिजली बंद रहती है उनमें बदलाव किया जावे। वही वर्षा के समय जिल बिद्युत सव स्टेशनों में जल भराव के हालत बनते है मुख्य रूप से कान्हरगांव में वहा पर सुधार कार्य कराये जावे। इस मौके पर किसान संघ के राम सरन पटैल, राव राजेन्द्र सिंह, चौधरी आनंद सिंह कौरव, आशीष पटैल, रघुवर पटैल, सूरज, प्रदीप सहित अन्य किसान मौजूद थें।

# उल्लास – नव भारत साक्षरता कार्यक्रम के अंतर्गत एक दिवसीय प्रशिक्षण में बुनियादी साक्षरता एवं संख्या ज्ञान पर हुई समीक्षा



हरिभूमि न्यूज/चीचली। भारत सरकार एवं राज्य शिक्षा केंद्र भोपाल के निर्देशानुसार उल्लास – नव भारत साक्षरता कार्यक्रम के अंतर्गत विकास खंड चीचली के जनपद शिक्षा केंद्र चीचली में विकासखंड स्तरीय एकदिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। बताया जाता है कि इस प्रशिक्षण में विकासखंड के जन शिक्षा केंद्र प्रभारी, संकुल प्राचार्यों, नवभारत साक्षरता सहसमन्वयक, बीएसी जनशिक्षक, विद्यालय प्रमुखों तथा शिक्षकों ने सहभागिता कर कार्यक्रम के उद्देश्यों एवं क्रियान्वयन की विस्तृत जानकारी प्राप्त की गई। वही प्रशिक्षण में विकासखंड स्त्रोत समन्वयक डी के पटेल, अरूण दुबे, दीपक श्रीवास्तव तथा नवभारत साक्षरता समन्वयक लेखराम गौतम ने पावर प्वाइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से उल्लास नव भारत साक्षरता कार्यक्रम की अवधारणा, उद्देश्य, कार्ययोजना तथा समाज के प्रत्येक निरक्षर वयस्क तक शिक्षा पहुँचाने की रणनीति एवं मॉनिटरिंग पर विस्तार से चर्चा की गई। वही इस प्रशिक्षण का प्रमुख उद्देश्य प्रत्येक नागरिक को पढ़ने, लिखने और गणना करने योग्य बनाकर आत्मनिर्भर एवं सशक्त समाज का निर्माण करना है। प्रशिक्षण के दौरान मास्टर ट्रेनर सत्यम ताम्रकार द्वारा बुनियादी साक्षरता एवं संख्या ज्ञान (FLN) की विस्तृत समीक्षा की गई। इसमें भाषा एवं गणित के अधिगम स्तर, बच्चों की पढ़ने, लिखने, समझने तथा गणना करने की क्षमता का विश्लेषण प्रस्तुत किया गया। प्रतिभागियों को सीखने के परिणाम (Learning Outcomes), दक्षता आधारित शिक्षण, गतिविधि आधारित अधिगम, समूह कार्य, खेल-आधारित शिक्षण तथा स्थानीय संसाधनों के प्रभावी उपयोग पर चर्चा की। उन्होने बताया कि प्रत्येक विद्यार्थी को निर्धारित दक्षताओं तक पहुँचाना ही राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 एवं निपुण भारत मिशन का मूल उद्देश्य है। सत्रों में बच्चों की नियमित उपस्थिति, सतत मूल्यांकन, कमजोर विद्यार्थियों की पहचान, उपचारात्मक शिक्षण, कक्षा-वार लक्ष्य निर्धारण, मासिक प्रगति की समीक्षा, अभिभावकों की सहभागिता तथा विद्यालयों में सीखने का अनुकूल वातावरण विकसित करने पर विशेष बल दिया गया। इस प्रशिक्षण में उल्लास कार्यक्रम के अंतर्गत सर्वेक्षण, शिक्षार्थियों का पंजीयन, स्वयं सेवकों की भूमिका, शिक्षण सामग्री का उपयोग, मूल्यांकन प्रक्रिया, डिजिटल पोर्टल पर जानकारी अपलोड करने, प्रगति प्रतिवेदन तैयार करने तथा नियमित मॉनिटरिंग की प्रक्रिया का भी अभ्यास कराया गया। प्रतिभागियों की जिज्ञासाओं का समाधान करते हुए विभिन्न व्यवहारिक उदाहरणों के माध्यम से विषय को सरल बनाया गया। विकास खंड के प्रत्येक विद्यालय में गुणवत्तापूर्ण शिक्षण सुनिश्चित करते हुए भाषा एवं गणित की बुनियादी दक्षताओं को सर्वोच्च प्राथमिकता देने के साथ ही विद्यालयों में नवाचार, प्रेरणादायी गतिविधियों एवं सामुदायिक सहभागिता के माध्यम से सीखने का वातावरण और अधिक प्रभावी बनाया जाए। प्रशिक्षण के समापन अवसर पर सभी प्रतिभागियों ने अपने-अपने विद्यालयों एवं कार्यक्षेत्र में उल्लास नव भारत साक्षरता कार्यक्रम तथा बुनियादी साक्षरता एवं संख्या ज्ञान से संबंधित गतिविधियों को प्रभावी रूप से क्रियान्वित करने का संकल्प लिया। प्रशिक्षणर्थियों ने विश्वास दिलाया कि इस प्रशिक्षण से प्राप्त ज्ञान एवं अनुभव का सकारात्मक प्रभाव विद्यार्थियों के अधिगम स्तर तथा साक्षरता अभियान दोनों पर दिखाई देगा। और विकास खंड में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लक्ष्य को नई गति मिलेगी।

# शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय चीचली सहित अन्य स्कूलों में हुआ साईकिल वितरण कार्यक्रम





**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।** मंगलवार को मध्य प्रदेश शासन की महत्वाकांक्षी निःशुल्क साइकिल वितरण योजना के अंतर्गत विकास खंड चीचली के शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय चीचली, हायर सेकेंडरी कठौतिया, हायर सेकेंडरी स्कूल रायपुर तथा हायर सेकेंडरी तेंदूखेड़ा में शासन की योजना के तहत साईकिल वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में पात्र छात्राओं को निःशुल्क साइकिलों का वितरण किया गया। साइकिल प्राप्त करते ही छात्राओं के चेहरों पर खुशी और उत्साह साफ दिखाई दिया। छात्राओं ने कहा कि अब उन्हें विद्यालय आने-जाने में सुविधा होगी, समय की बचत होगी तथा वे नियमित रूप से अध्ययन कर अपने सपनों को साकार कर सकेंगी। इस आयोजन में पधारे हुये मुख्य अतिथि अनुज प्रताप सिंह सहित जिला भाजपा उपाध्यक्ष एवं पूर्व जनपद अध्यक्ष मुकेश मरैया, मंडल अध्यक्ष नरेश कौरव के आलवा अन्य अतिथियों का शाला परिवार द्वारा पुष्पगुच्छ भेंट कर आत्मीय स्वागत किया गया। मुख्य अतिथि अनुज प्रताप सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि मध्य प्रदेश सरकार शिक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए विद्यार्थियों, विशेषकर बेटियों के लिए लगातार जनकल्याणकारी योजनाएं संचालित कर रही है। निःशुल्क साइकिल वितरण योजना केवल एक साइकिल देने की योजना नहीं है। बल्कि यह बेटियों के आत्मविश्वास, आत्मनिर्भरता और उज्ज्वल भविष्य की मजबूत नींव है। इस दौरान उन्होंने कहा कि जब छात्राओं को विद्यालय तक पहुँचने में सुविधा मिलती है तो उनकी नियमित उपस्थिति बढ़ती है, पढ़ाई में निरंतरता आती है और वे अपने सपनों को साकार करने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ती हैं। विद्यार्थियों से अनुशासन, परिश्रम एवं सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़ने का आह्वान करते हुए कहा कि आज की छात्राएं ही कल के डॉक्टर, इंजीनियर, वैज्ञानिक, प्रशासनिक अधिकारी, शिक्षक और देश की जिम्मेदार नागरिक बनेंगी। इस दौरान उन्होंने विद्यार्थियों से स्वास्थ्य, अनुशासन और नियमित अध्ययन पर विशेष ध्यान देने की अपील करते हुए कहा कि स्वस्थ शरीर और सकारात्मक सोच ही सफलता की सबसे बड़ी कुंजी है। इस मौके पर मौजूद अन्य जनप्रतिनिधियों ने भी शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की सराहना करते हुए विद्यार्थियों को मेहनत, संस्कार और राष्ट्र सेवा की भावना के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। जिला भाजपा उपाध्यक्ष एवं पूर्व जनपद अध्यक्ष मुकेश मरैया ने कहा कि शिक्षा ही किसी भी समाज और राष्ट्र की सबसे बड़ी शक्ति है। शासन द्वारा संचालित छात्र हितैषी योजनाएं ग्रामीण क्षेत्रों के विद्यार्थियों के लिए वरदान साबित हो रही हैं। विद्यार्थियों को अपने माता-पिता, शिक्षकों और राष्ट्र का नाम रोशन करने का संकल्प लेना चाहिए। चीचली मंडल अध्यक्ष नरेश कौरव ने अपने संबोधन में कहा कि सरकार का उद्देश्य कोई भी विद्यार्थी केवल संसाधनों के अभाव में शिक्षा से वंचित न रहे। साइकिल मिलने से दूरस्थ गांवों की छात्राओं को विद्यालय आने-जाने में सुविधा मिलेगी और विद्यालय छोड़ने की संभावना भी कम होगी। इस दौरान उन्होंने छात्राओं से कहा कि यह साइकिल केवल एक साधन नहीं, बल्कि उनके उज्ज्वल भविष्य की ओर बढ़ने का माध्यम है। विद्यालय में संचालित आईटी तथा इलेक्ट्रॉनिक्स एवं हार्डवेयर के छात्र-छात्राओं द्वारा विश्व युवा कौशल दिवस के अवसर पर प्रदर्शनी का आयोजन किया गया तथा अतिथियों ने भ्रमण कर विद्यार्थियों द्वारा बनी टेक्निकल मॉडल को सजीव रूप में देखकर सराहा एवं विद्यार्थियों की भूरी-भूरी प्रशंसा की गई।

**खबर संक्षेप**

## पसला गांव में करैत सर्प का कहर, जमीन पर सो रहे अधेड़ की मौत

**अनूपपुर।** कोतवाली थाना अनूपपुर अंतर्गत पसला गांव में सोमवार-मंगलवार की दरमियानी रात जमीन पर सो रहे 46 वर्षीय अधेड़ की अत्यंत जहरीले करैत सर्प के डसने से मौत हो गई। घटना के बाद घर में खोजबीन करने पर मृतक के बिस्तर के पास ही करीब दो से तीन फीट लंबा करैत सर्प बेहोशी की हालत में मिला। घटना की सूचना पर कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार कोतवाली थाना अनूपपुर से करीब 12 किलोमीटर दूर पसला गांव के प्राथमिक विद्यालय के समीप रहने वाले 46 वर्षीय शंकर प्रसाद कोल पिता छोटू कोल सोमवार की रात रोजाना की तरह खाना-पीना खाने के बाद अपने प्रधानमंत्री आवास योजना से निर्मित पक्के मकान के अंदर जमीन पर अकेले सो गए थे। मंगलवार की सुबह काफी देर तक शंकर के नहीं उठने और कोई प्रतिक्रिया नहीं देने पर उनकी मां गुजरिया बाई ने नाती कमलेश प्रसाद कोल को बुलाया। परिवार के अन्य सदस्यों ने भी मौके पर पहुंचकर शंकर को जगाने का प्रयास किया, लेकिन वह कुछ बोल नहीं रहे थे। परिजन कुछ व्यवस्था कर पाते, इससे पहले ही उनकी मौत हो गई। शंकर की मौत के बाद परिजनों ने घर के अंदर आसपास खोजबीन की। इसी दौरान बिस्तर के पास दो से तीन फीट लंबा अत्यंत जहरीला करैत प्रजाति का सर्प बेहोशी की स्थिति में दिखाई दिया। मृतक के बाएं कंधे पर सर्पदंश का निशान भी पाया गया। इसके बाद परिजनों ने घटना की सूचना कोतवाली थाना अनूपपुर पुलिस को दी। सूचना मिलते ही सहायक उपनिरीक्षक महिपाल प्रजापति पुलिस दल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और मामले की जांच प्रारंभ की। पुलिस ने मृतक के शव को जिला चिकित्सालय अनूपपुर भेजा, जहां ड्यूटी डॉक्टर प्रवीण शर्मा द्वारा पोस्टमार्टम किया गया। पीएम के बाद पुलिस ने शव अंतिम संस्कार के लिए परिजनों को सौंप दिया।

## स्थानीय युवाओं को रोजगार देने की मांग पर जय अंबे कंपनी का घेराव

**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।** क्षेत्र में संचालित जय अंबे प्राइवेट लिमिटेड कंपनी के खिलाफ सोमवार को स्थानीय किसानों और ग्रामीणों का आक्रोश फूट पड़ा। बड़ी संख्या में ग्रामीण कंपनी कार्यालय पहुंचे और घेराव कर स्थानीय युवाओं को रोजगार में प्राथमिकता देने की मांग उठाई। प्रदर्शनकारियों ने कंपनी प्रबंधन के खिलाफ नारेबाजी करते हुए आरोप लगाया कि क्षेत्र के संसाधनों का उपयोग करने के बावजूद स्थानीय युवाओं की लगातार उपेक्षा की जा रही है। ग्रामीणों का कहना था कि कंपनी में अधिकांश नौकरियां बाहरी लोगों को दी जा रही हैं, जबकि क्षेत्र के योग्य और बेरोजगार युवाओं को अवसर नहीं मिल रहा। इस मुद्दे को लेकर कई बार कंपनी प्रबंधन से शिकायत की गई, लेकिन अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। प्रदर्शनकारियों ने चेतावनी दी कि यदि स्थानीय युवाओं को रोजगार नहीं मिला तो आंदोलन को चरणबद्ध तरीके से और व्यापक बनाया जाएगा। प्रदर्शन के दौरान कंपनी के एचआर रजनीश मिश्रा ने ग्रामीणों से चर्चा की और कर्मचारियों की सूची प्रस्तुत करते हुए बताया कि कंपनी नियमानुसार भर्ती प्रक्रिया अपनाती है। उन्होंने आश्वासन दिया कि ग्रामीणों की मांगों और सुझावों को कंपनी के उच्च प्रबंधन तक पहुंचाया जाएगा तथा नियमों के अनुरूप आवश्यक कार्रवाई पर विचार किया जाएगा। हालांकि ग्रामीणों ने इस आश्वासन पर असंतोष जताते हुए कहा कि कर्मचारियों की सूची में बाहरी लोगों की संख्या अधिक है और स्थानीय युवाओं की भागीदारी बेहद कम दिखाई देती है। उन्होंने भर्ती प्रक्रिया में पारदर्शिता लाने और स्थानीय पात्र युवाओं को प्राथमिकता देने की मांग दोहराई। प्रदर्शन शांतिपूर्ण रहा और किसी प्रकार की अप्रिय घटना नहीं हुई। ग्रामीणों ने प्रशासन से पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर उद्योगों में स्थानीय युवाओं को प्राथमिकता दिलाने की मांग की है। किसानों का कहना है कि यदि शीघ्र सकारात्मक निर्णय नहीं लिया गया तो आंदोलन आगे भी जारी रहेगा। फिलहाल कंपनी प्रबंधन और ग्रामीणों के बीच बातचीत की संभावना बनी हुई है।

# जनसुनवाई में पहुंचे 49 आवेदन

# अधिकारियों ने त्वरित निराकरण के दिए निर्देश

**डिंडौरी।** कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित साप्ताहिक जनसुनवाई में जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए नागरिकों ने अपनी समस्याओं और मांगों से संबंधित 49 आवेदन प्रस्तुत किए। जनसुनवाई में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत दिव्यांशु चौधरी, अपर कलेक्टर जे.पी. यादव, एसडीएम रामबाबू देवांगन, डिप्टी कलेक्टर वैधनाथ वासनिक सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।जनसुनवाई के दौरान एकीकृत माध्यमिक शाला धमनी में अतिथि शिक्षक भर्ती प्रक्रिया में कथित अनियमितता की शिकायत प्राप्त हुई। आवेदन पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने सहायक आयुक्त, जनजातीय कार्य विभाग को मामले की निष्पक्ष जांच कर नियमानुसार कार्रवाई करने के निर्देश दिए।वहीं, कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय डिंडौरी में कार्यरत रसोइया मंजूलता, सिया बाई और दुर्गी बाई बर्मन ने जनवरी से मई 2026 तक के लंबित मानदेय के भुगतान की मांग की। उन्होंने बताया कि भुगतान नहीं होने से आर्थिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। इस पर संबंधित



विभाग को प्रकरण का परीक्षण कर शीघ्र भुगतान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।ग्राम मूसामुण्डी के ग्रामीणों ने आंगनबाड़ी एवं मिनी आंगनबाड़ी केंद्रों के लिए भवन स्वीकृत करने की मांग उठाई। ग्रामीणों ने बताया कि दोनों केंद्र कच्चे भवनों में संचालित हो रहे हैं, जहां शौचालय और पेयजल जैसी मूलभूत सुविधाओं का अभाव है। मामले में संबंधित विभाग को आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए। इसी तरह ग्राम पंचायत मानिकपुर के सरपंच ने सामुदायिक शौचालय के सामने बने टीनशेड यात्री प्रतीक्षालय को अन्य उपयुक्त स्थान पर स्थानांतरित करने का आवेदन दिया। वहीं, ग्राम मैनपुरी नीचे टोला के ग्रामीणों ने 13 जुलाई से खराब पड़े ट्रांसफार्मर को बदलकर विद्युत आपूर्ति बहाल कराने की मांग की। इस पर विद्युत विभाग के कार्यपालन यंत्री को तत्काल आवश्यक कार्रवाई कर जल्द बिजली आपूर्ति बहाल करने के निर्देश दिए गए।जनसुनवाई में प्राप्त सभी आवेदनों पर संबंधित विभागों को तथ्यों के आधार पर जांच कर निर्धारित समय-सीमा में निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। अधिकारियों से कहा गया कि नागरिकों की समस्याओं का संवेदनशीलता, पारदर्शिता और प्राथमिकता के आधार पर समाधान किया जाए, ताकि आमजन को समय पर राहत मिल सके। जिला प्रशासन ने कहा कि जनसुनवाई का उद्देश्य लोगों की समस्याओं का त्वरित, प्रभावी और पारदर्शी निराकरण सुनिश्चित करना है।

## समय-सीमा बैठक में योजनाओं की समीक्षा, लंबित शिकायतों के शीघ्र निराकरण के निर्देश



**डिंडौरी।** कलेक्टर श्रीमती अंजू पवन भदौरिया की अध्यक्षता में मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित साप्ताहिक समय-सीमा बैठक में विभिन्न विभागों की योजनाओं, विकास कार्यों और जनहित से जुड़े मामलों की समीक्षा की गई। बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत दिव्यांशु चौधरी, अपर कलेक्टर जे.पी. यादव, एसडीएम शहपुरा ऐश्वर्य वर्मा, एसडीएम डिंडौरी रामबाबू देवांगन, एसडीएम बजाग अक्षय डिगरसे सहित विभिन्न विभागों के जिला अधिकारी मौजूद रहे।बैठक में कलेक्टर ने मुख्यमंत्री हेल्पलाइन की विभागवार समीक्षा करते हुए 50 से 100 दिन तक लंबित शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण और संतोषजनक समाधान किया जाए तथा अनावश्यक रूप से कोई भी प्रकरण लंबित न रहे। साथ ही विभागीय अधिकारियों को अपने-अपने विभागों की नियमित समीक्षा कर समय-सीमा में सभी कार्य पूरे करने के निर्देश दिए।बैठक में आगामी प्रमुख सचिव की वीडियो कॉन्फ्रेंस की तैयारियों की भी समीक्षा की गई। संबंधित विभागों को आवश्यक जानकारी अद्यतन रखने और सभी बिंदुओं पर पूर्व तैयारी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।29 जुलाई को जिले के सभी शासकीय और अशासकीय विद्यालयों में गुरु पूर्णिमा का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर उत्कृष्ट कार्य करने वाले शिक्षकों का सम्मान और पुरस्कार वितरण भी होगा। कलेक्टर ने शिक्षा विभाग को कार्यक्रम का गरिमापूर्ण आयोजन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

बैठक में 30 जुलाई को पंचायत एवं ग्रामीण विकास तथा श्रम मंत्री प्रहलाद पटेल के प्रस्तावित डिंडौरी प्रवास की तैयारियों की भी समीक्षा की गई। कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को कार्यक्रम स्थल, सुरक्षा, स्वच्छता, पेयजल, विद्युत तथा अन्य सभी आवश्यक व्यवस्थाएं समय पर पूर्ण करने के निर्देश दिए।बैठक के दौरान ग्राम बरछा निवासी नोहर सिंह उददे को साहस और मानवता का परिचय देते हुए एक महिला की जान बचाने पर जिला प्रशासन ने ₹स्टार ऑफ द मंथ₹ उत्कृष्टता प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया। नोहर सिंह उददे ने ग्राम बरछा निवासी लक्ष्मी बाई परस्ते को गहरे तालाब में डूबने से बचाने के लिए अपनी जान की परवाह किए बिना तालाब में छलांग लगाकर सुरक्षित बाहर निकाला था। जिला प्रशासन ने उनके साहसिक और प्रेरणादायी कार्य की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे नागरिक समाज में मानव सेवा, संवेदनशीलता और सकारात्मक सोच को बढ़ावा देते हैं।

## मेडिकल स्टोर्स के निरीक्षण में मिली अनियमितताएं, एक दवा दुकान अस्थायी बंद

**डिंडौरी।** जिले में सुरक्षित एवं गुणवत्तापूर्ण दवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से औषधि प्रशासन की टीम ने 27 जुलाई को मेहंदवानी, कठोतिया और किसलपुरी क्षेत्र में संचालित विभिन्न मेडिकल स्टोर्स का निरीक्षण किया। इस दौरान राजा मेडिकल स्टोर्स, कुशल मेडिकल स्टोर्स, मनमोहन मेडिकल स्टोर्स, अब्दुल मेडिकल स्टोर्स, शिव शक्ति मेडिकल स्टोर्स सहित अन्य दवा दुकानों की जांच की गई।निरीक्षण के दौरान कई मेडिकल स्टोर्स में एक्सपायरी दवाएं ट्रेड स्टॉक के साथ रखी मिलीं। इसके अलावा आवश्यक अभिलेखों और दस्तावेजों का समुचित संधारण नहीं किया गया था तथा कुछ दुकानों में लाइसेंस की शर्तों के विपरीत फार्मासिस्ट अनुपस्थित पाए गए। निरीक्षण दल ने संबंधित संचालकों को दवा दुकानों का संचालन नियमानुसार करने तथा औषधि संबंधी सभी प्रावधानों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। गंभीर अनियमितता पाए जाने पर एक मेडिकल स्टोर को फार्मासिस्ट की अनुपस्थिति के कारण तत्काल प्रभाव से तब तक बंद करा दिया गया, जब तक वहां नियमानुसार फार्मासिस्ट की उपलब्धता सुनिश्चित नहीं हो जाती।औषधि प्रशासन ने संबंधित मेडिकल स्टोर्स को कारण बताओ नोटिस जारी करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि औषधि एवं प्रसाधन सामग्री






अधिनियम तथा संबंधित नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर नियमानुसार कड़ी कार्रवाई की जाएगी। साथ ही जिले में सुरक्षित और गुणवत्तापूर्ण दवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए ऐसे निरीक्षण आगे भी नियमित रूप से जारी रहेंगे।

# नशामुक्त समाज की ओर कदम प्रशासन ने निकाली जागरूकता यात्रा



**डिंडौरी।** जिले में ₹नशे से दूरी है जरूरी 2.0₹ अभियान के तहत सोमवार को सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग तथा पुलिस विभाग के संयुक्त तत्वावधान में जनजागरूकता के उद्देश्य से ₹नशे की शव यात्रा₹ निकाली गई। कार्यक्रम का आयोजन कलेक्टर श्रीमती अंजू पवन भदोरिया एवं पुलिस अधीक्षक श्री आशीष खरे के निर्देशन में किया गया।कार्यक्रम की शुरुआत पुलिस अधीक्षक आशीष खरे ने अधिकारियों, कर्मचारियों और नागरिकों को नशामुक्त रहने की शपथ दिलाकर की। इसके बाद उन्होंने जागरूकता रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

बैंड-बाजों, प्रेरक नारों और नशा मुक्ति के संदेशों के साथ निकली यह प्रतीकात्मक शव यात्रा शहर के प्रमुख मार्गों से होकर गुजरी। रैली का उद्देश्य आमजन को नशे के दुष्परिणामों से अवगत कराना और नशामुक्त समाज के निर्माण के लिए प्रेरित करना था। यात्रा में बड़ी संख्या में नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए नशे से दूर रहने का संकल्प लिया।जागरूकता यात्रा का समापन कलेक्ट्रेट तिराहे पर हुआ, जहां सिगरेट, बीड़ी, तंबाकू एवं अन्य नशीले पदार्थों का प्रतीकात्मक दहन कर नशे के प्रति समाज की अस्वीकृति का संदेश दिया गया। इस अवसर पर उपस्थित सभी लोगों ने स्वयं नशा न करने तथा दूसरों को भी इसके दुष्परिणामों के प्रति जागरूक करने की शपथ ली।कार्यक्रम में अपर कलेक्टर जे.पी. यादव, डिप्टी कलेक्टर वैधनाथ वासनिक, एसडीओपी बजाग विवेक कुमार गौतम, एसडीओपी डिंडौरी सतीश कुमार द्विवेदी, उपसंचालक सामाजिक न्याय श्याम सिंगौर सहित जिला प्रशासन, सामाजिक न्याय विभाग एवं पुलिस विभाग के अधिकारी-कर्मचारी तथा बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे।अधिकारियों ने कहा कि नशामुक्त जीवन ही स्वस्थ, सुरक्षित और समृद्ध समाज की आधारशिला है। प्रत्येक नागरिक का दायित्व है कि वह स्वयं नशे से दूर रहे और समाज को भी इसके दुष्परिणामों के प्रति जागरूक करने में अपनी सक्रिय भूमिका निभाए।

## प्रस्फुटन शक्ति संचय कार्यक्रम के तहत ग्राम विकास समितियों का प्रशिक्षण संपन्न



**डिंडोरी।** जनपद पंचायत समनापुर के सभागार में मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद के प्रस्फुटन शक्ति संचय कार्यक्रम के अंतर्गत ग्राम विकास समितियों का प्रशिक्षण आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया गया।प्रशिक्षण में जन अभियान परिषद के संभाग समन्वयक रवि प्रसाद बर्मन एवं जिला समन्वयक धर्मेंद्र चौहान ने अगस्त माह में आयोजित होने वाले विभिन्न कार्यक्रमों की जानकारी दी। उन्होंने हर घर तिरंगा अभियान, तिरंगा रैली, हरियाली अमावस्या पर पौधारोपण, नवांकुर सखी, समितियों के दस्तावेजीकरण, बोर्ड एवं फ्लैक्स निर्माण, नियमित बैठकों के आयोजन, सीएमसीएलडीपी कक्षाओं में प्रवेश, संस्कार केंद्र, जन सूचना केंद्र तथा आदर्श ग्राम निर्माण जैसे विषयों पर विस्तार से मार्गदर्शन दिया। जिला समन्वयक धर्मेंद्र चौहान ने अधिक से अधिक फलदार पौधे लगाने का आह्वान करते हुए जिले में संचालित नशामुक्ति अभियान 2.0 को जन-जन तक पहुंचाने की अपील की। उन्होंने ग्रामीण क्षेत्रों में सर्पदंश जागरूकता अभियान चलाकर लोगों को जागरूक करने पर भी जोर दिया।विकासखंड समन्वयक मंजूलता राव ने परिषद की गतिविधियों, कार्यक्रमों और समाज कल्याण से जुड़े विभिन्न विषयों की जानकारी दी। उन्होंने सामाजिक सहभागिता और जनजागरूकता के महत्व पर भी प्रकाश डाला।प्रशिक्षण के दौरान नवांकुर एवं प्रस्फुटन समिति के सदस्यों के साथ प्रश्नोत्तर सत्र आयोजित किया गया, जिसमें प्रतिभागियों की जिज्ञासाओं का समाधान किया गया।कार्यक्रम में नवांकुर संस्था के दीपक वर्मे, सूरज ताम्रकार, रामकुमार मरकाम, वेदप्रकाश यादव, परसराम, परामर्शदाता दिलीप बर्मन, केशव ठाकुर, शिवकुमार ठाकुर, शिशु बड़गैया सहित ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति के सदस्य, नवांकुर संस्थाओं के प्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## शहपुरा जनपद में नशा मुक्ति अभियान के तहत दिलाई गई शपथ




**डिंडोरी।** प्रदेशव्यापी नशे से दूरी है जरूरी 2.0 अभियान के तहत मंगलवार को जनपद पंचायत शहपुरा कार्यालय में नशा मुक्ति जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों, ग्राम पंचायतों के सचिवों, सरपंचों, स्व-सहायता समूह की महिलाओं तथा ग्रामीणों ने नशा मुक्त समाज के निर्माण का सामूहिक संकल्प लिया।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अधिकारियों ने कहा कि नशा व्यक्ति के स्वास्थ्य के साथ-साथ परिवार, समाज और आने वाली पीढ़ियों के भविष्य पर भी प्रतिकूल प्रभाव डालता है। उन्होंने सभी से स्वयं नशे से दूर रहने और अपने गांवों में लोगों को इसके दुष्परिणामों के प्रति जागरूक करने की अपील की।इस अवसर पर अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) शहपुरा ऐश्वर्य वर्मा, जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी गणेश पांडे तथा जनपद उपाध्यक्ष जितेंद्र चंदेल विशेष रूप से उपस्थित रहे।

कार्यक्रम में जनपद पंचायत का समस्त स्टाफ, ग्राम पंचायतों के सचिव, सरपंच, स्व-सहायता समूह की सदस्याएं एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण शामिल हुए।कार्यक्रम के अंत में सभी प्रतिभागियों ने अपने-अपने गांवों में नशा मुक्ति अभियान को जनआंदोलन बनाने और समाज को नशे के दुष्प्रभावों से बचाने के लिए सक्रिय भूमिका निभाने का संकल्प लिया।

## राष्ट्रीय राजमार्ग-543 परियोजनाः प्रभावित किसानों को मुआवजा राशि के चेक वितरित

**डिंडौरी।** राष्ट्रीय राजमार्ग-543 डिंडौरी-मंडला मार्ग के उन्नयन एवं चौड़ीकरण परियोजना के तहत वनग्राम हर्रा टोला में भूमि अधिग्रहण से प्रभावित किसानों को मंगलवार को कलेक्टर श्रीमती अंजू पवन भदौरिया ने मुआवजा राशि के चेक वितरित किए। इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत दिव्यांशु चौधरी, अपर कलेक्टर जे.पी. यादव, एसडीएम शहपुरा ऐश्वर्य वर्मा, एसडीएम डिंडौरी रामबाबू देवांगन, राष्ट्रीय राजमार्ग लोक निर्माण विभाग जबलपुर के कार्यपालन यंत्री शंकरलाल सहित संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।कार्यक्रम में सुखदीन, बिगारी, दलवीर, अभिलाष सहित अन्य पात्र किसानों को भूमि अधिग्रहण के एवज में मुआवजा राशि के चेक सौंपे गए। कलेक्टर श्रीमती भदौरिया ने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप सभी पात्र किसानों को पारदर्शी, निष्पक्ष और समयबद्ध तरीके से मुआवजा उपलब्ध कराया जा रहा है। उन्होंने




अधिकारियों को शेष प्रकरणों का शीघ्र निराकरण कर पात्र हितग्राहियों को समय पर भुगतान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।राष्ट्रीय राजमार्ग लोक निर्माण विभाग, जबलपुर के कार्यपालन यंत्री शंकरलाल ने बताया कि राष्ट्रीय राजमार्ग-543 का उन्नयन जिले के विकास की दृष्टि से महत्वपूर्ण परियोजना है। इसके पूर्ण होने से आवागमन अधिक सुरक्षित, सुगम और तेज होगा, जिससे क्षेत्र के किसानों, स्थानीय नागरिकों तथा व्यापारिक गतिविधियों को व्यापक लाभ मिलेगा मुआवजा राशि प्राप्त करने वाले किसानों ने समय पर भुगतान मिलने पर जिला प्रशासन और शासन के प्रति आभार व्यक्त किया।

# मारपीटः अपराधियों के हौसले बुलंद

हरिभूमि न्यूज़ - नरसिंहपुर।

बीते दिवस को सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हुआ जिसमें किराना दुकानदार से लोगों द्वारा मारपीट की जा रही है। वही मंगलवार की दोपहर को दूसरा वीडियो वायरल हुआ जिसमें दंपति के साथ सरेआम मारपीट की जा रही है। उक्त वीडियो के वायरल होने के बाद यह भी टिप्पणी की जा रही है कि घटना के दौरान पुलिस मौके पर मौजूद थी लेकिन पुलिस द्वारा मामले को शांत कराने का प्रयास नहीं किया गया और लोगों द्वारा पुलिस की कार्यप्रणाली को लेकर टीका टिप्पणी भी की जा रही है। वही तीसरा मामला पुराना है जिसमें व्यापारी के साथ की मारपीट के बाद आरोपियों द्वारा लूट भी की गई जिसे लेकर व्यापारी संघ द्वारा ज्ञापन सौंपा गया। उक्त घटनाओं के बाद पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवाल उठ रहे है। पुलिस अधीक्षक को चाहिए कि तीनो मामलों की गंभीरता से जांच कराकर शीघ्र ठोस कार्रवाई की जावे जिससे लोगों में पुलिस के प्रति उत्पन्न हो रहे संदेह को समाप्त किया जा सके।





## न्यायालय परिसर के बाहर दंपत्ति से मारपीट

पहला मामला जिला न्यायालय परिसर के सामने से एक गंभीर मारपीट का मामला सामने आया है। हरिजन कल्याण विभाग से संबंधित काम के सिलसिले में आए पीड़ित परिवार के साथ चाट-फुल्की की दुकान पर मामूली बात को लेकर विवाद हो गया, जिसके बाद दुकान संचालक और उसके साथियों ने एक महिला तथा उसके पति पर लाठी-डंडों से हमला कर दिया। पीड़िता सीमा अहिरवार के अनुसार, वे भवानी चाट भंडार पर खान-पान के बाद भुगतान कर चुके थे। इसी दौरान उनकी गोद में मौजूद छोटे बच्चे द्वारा दुकान के समीप लघुशंका कर दिए जाने पर संचालक आक्रोशित हो गया। गालियों का विरोध करने पर करीब 7 से 8 लोगों ने मिलकर दंपत्ति के साथ अभद्रता करते हुए मारपीट शुरू कर दी। पीड़िता ने बिलखते हुए आरोप लगाया कि आरोपियों ने उनके साथ खींचतान की, बाल पकड़कर खींचे और कपड़े फाड़ दिए, जिससे उनके मासूम बच्चे को भी चोट आई है। सूत्रों के अनुसार घटना के दौरान मौके पर पुलिसकर्मी मौजूद थे, लेकिन पीड़िता का आरोप है कि पुलिस मूकदर्शक बनी रही और बचाव का कोई प्रयास नहीं किया। थाने पहुँचने के बाद भी निष्पक्ष सुनवाई न होने से आहत पीड़ित परिवार ने पुलिस प्रशासन से मामले में संज्ञान लेकर सभी आरोपियों के खिलाफ निष्पक्ष जांच और कठोर दंडात्मक कार्रवाई की माँग की है।



## दुकान में घुसकर व्यापारी से मारपीट

दूसरा मामला जिले के गिधवानी चैराहे पर स्थित एक किराना दुकान में घुसकर व्यापारी के साथ बर्बरतापूर्वक मारपीट किए जाने का गंभीर मामला सामने आया है। घटना का सीसीटीवी फुटेज सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया है, जिसके आधार पर पुलिस ने आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। पीड़ित दुकानदार प्रेमराज कुशवाहा के अनुसार, यह घटना बीते 24 जुलाई की दोपहर की है। दो दोपहिया वाहनों पर सवार होकर आए तीन युवकों ने अचानक दुकान के भीतर प्रवेश किया और बेसबॉल बैट तथा लाठी-डंडों से उन पर ताबड़तोड़ हमला कर दिया। इस हमले में पीड़ित व्यापारी का हाथ फ्रैक्चर हो गया है और शरीर पर कई गंभीर चोटें आई हैं। घटना के उपरांत घायल अवस्था में व्यापारी को उपचार हेतु जिला अस्पताल ले जाया गया। बताया जा रहा है कि घटना की पूर्व रात्रि यानी 23 जुलाई की रात शराब के नशे में दोनों पक्षों के बीच कहासुनी व गाली-गलौज हुई थी। इसी रंजिश के चलते अगले दिन आरोपियों ने इस वारदात को अंजाम दिया। पीड़ित द्वारा पुलिस अधीक्षक को आपबीती बताने और घटना का सीसीटीवी फुटेज सामने आने के बाद कोतवाली पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस साक्ष्यों और फुटेज के आधार पर हमलावरों की सरगर्मी से तलाश कर रही है।

## हमले व लूट मामले को लेकर सौंपा ज्ञापन

तीसरा मामला तेल-शक्कर व्यवसायी गौरव वासवानी पर हुए प्राणघातक हमले, चेन छीने जाने और लूटपाट के मामले में करेली पुलिस की ढुलमुल कार्यप्रणाली को लेकर नरसिंहपुर के व्यापारी संघ में गहरा असंतोष व्याप्त है। सोमवार को व्यापारी संघ के प्रतिनिधियों ने जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर मामले में कठोर कार्रवाई की मांग की। सौंपे गए ज्ञापन में उल्लेख किया गया है कि बीते 12 जुलाई 2026 की रात्रि करीब 1:50 बजे होटल पी.एस. के पास अज्ञात असामाजिक तत्वों ने पूर्व नियोजित तरीके से रास्ता रोककर व्यवसायी गौरव वासवानी, शिवेन्द्र नेमा, अंशु जाट, आदित्य सेन और अनुराग यादव के साथ बर्बरतापूर्वक मारपीट की। हमले में शिवेन्द्र नेमा की सोने की चेन और कान की बाली छीन ली गई तथा जान से मारने की धमकी दी गई। व्यापारियों का आरोप है कि सीसीटीवी फुटेज में उपद्रव में शामिल आनंद पटेल (कोदसा), अभयराज यादव (मढेश्वर), नमोकार जैन (आमगांव) और अनुज पटेल (कोदसा) की स्पष्ट पहचान होने और करेली थाने में मेडिकल रिपोर्ट के साथ शिकायत दर्ज कराने के बावजूद पुलिस द्वारा अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। व्यापारी संघ ने मांग की है कि सीसीटीवी फुटेज के आधार पर चिन्हित आरोपियों के नाम तत्काल एफआईआर में जोड़कर हत्या के प्रयास, लूट और आपराधिक षड्यंत्र की धाराओं के तहत वैधानिक कार्रवाई की जाए। व्यापारियों ने चेतावनी दी है कि यदि आगामी 3 दिनों के भीतर आरोपियों की गिरफ्तारी और कठोर कार्रवाई नहीं होती है, तो समस्त व्यापारी वर्ग उग्र आंदोलन, धरना प्रदर्शन और बाजार बंद करने के लिए बाध्य होगा।

**खबर संक्षेप**

## दो प्राचार्यों का राज्य स्तरीय सम्मान के लिए चयन

हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर। लोक शिक्षण संचालनालय, मध्यप्रदेश द्वारा आयोजित "गुरु पूर्णिमा महोत्सव-2026" में उत्कृष्ट शैक्षणिक उपलब्धियों के लिए नरसिंहपुर जिले के दो प्राचार्यों का राज्य स्तरीय सम्मान के लिए चयन किया गया है। यह सम्मान 29 जुलाई 2026 को प्रातः 10 बजे शासकीय माधव विज्ञान महाविद्यालय, उज्जैन में आयोजित सांदीपनि अलंकरण समारोह में मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के मुख्य आतिथ्य में प्रदान किया जाएगा। नरसिंहपुर जिले से शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय आमगांवबड़ा के प्राचार्य लेखराम पाराशर तथा शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय इमझिरा की प्राचार्य श्रीमती सीमा मिश्रा का चयन हुआ है। दोनों विद्यालयों ने पिछले तीन वर्षों से हाईस्कूल एवं हायर सेकेंडरी परीक्षाओं में शत-प्रतिशत परीक्षा परिणाम देकर उत्कृष्ट शैक्षणिक गुणवत्ता का परिचय दिया है। राज्य स्तर पर कुल छह विद्यालयों के संस्था प्रमुखों का चयन किया गया है, जिनमें नरसिंहपुर जिले के दो प्राचार्यों का शामिल होना जिले के लिए विशेष उपलब्धि माना जा रहा है। इस उपलब्धि पर कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह ने शिक्षा विभाग के अधिकारियों, दोनों प्राचार्यों को शुभकामनाएं देते हुए इसे जिले के लिए गौरवपूर्ण क्षण बताया है।

## व्यावसायिक वाहनों से उपभोक्ता शुल्क का संग्रह रहेगा जारी

हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर। मध्यप्रदेश सड़क विकास निगम (एमपीआरडीसी) ने आमजन एवं वाहन स्वामियों को सूचित किया है कि पिपरिया नरसिंहपुर शहपुरा मार्ग पर व्यावसायिक वाहनों से उपभोक्ता शुल्क (यूजर फीस) का संग्रह पूर्ववत जारी रहेगा। यह व्यवस्था मध्यप्रदेश राजपत्र में प्रकाशित प्रावधानों के अनुसार लागू है। उक्त मार्ग पर उपभोक्ता शुल्क संग्रहण के लिए पूर्व में कार्यरत ठेकेदार का अनुबंध 25 जुलाई 2026 को समाप्त हो गया है। इसके बाद मध्यप्रदेश सड़क विकास निगम के निर्देशानुसार 25 जुलाई 2026 की प्रातः 8 बजे से विभागीय स्तर पर कर्मचारियों के माध्यम से व्यावसायिक वाहनों से उपभोक्ता शुल्क का संग्रह किया जा रहा है। एकत्रित राशि शासन के स्टेट हाईवेज फंड में जमा की जा रही है, जिसका उपयोग राज्य राजमार्गों के निर्माण एवं संधारण कार्यों में किया जाएगा। मध्यप्रदेश सड़क विकास निगम ने स्पष्ट किया है कि शासन के निर्देशानुसार उपभोक्ता शुल्क का संग्रह निरंतर जारी रहेगा तथा टोल बंद नहीं किया गया है। सभी व्यावसायिक वाहन स्वामियों एवं ट्रांसपोर्टरों से निर्धारित नियमों के अनुसार उपभोक्ता शुल्क जमा कराने की अपील की गई है।

## मूंग के स्लॉट बुक करने की अंतिम तिथि 31 जुलाई

हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर। राज्य शासन की उपार्जन नीति के तहत भारत सरकार की प्राइस सपोर्ट स्कीम (पीएसएस) अंतर्गत विपणन वर्ष 2026-27 के लिए जिले में ग्रीष्मकालीन मूंग एवं उड़द का समर्थन मूल्य पर उपार्जन निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार सुचारु रूप से जारी है। यह उपार्जन कार्य 10 अगस्त 2026 तक संचालित किया जाएगा। किसानों की सुविधा के लिए जिले में 23 उपार्जन केन्द्र स्थापित किए गए हैं, जहां समर्थन मूल्य पर खरीदी का कार्य लगातार किया जा रहा है। अब तक 37 हजार 290 किसानों ने स्लॉट बुक करा लिया है। इनमें से 13 हजार 611 किसानों से 90 हजार 830 क्विंटल मूंग एवं उड़द का समर्थन मूल्य पर उपार्जन किया जा चुका है। वहीं 922 किसानों को 5.85 करोड रुपये का भुगतान किया जा चुका है तथा 8 हजार 820 किसानों किसानों के 17.62 करोड रुपये के ईपीओ प्रोसेस में है तथा यह राशि शीघ्र ही किसानों के बैंक खातों में पहुंच जाएगी।

## जनसुनवाई में आये 120 आवेदन



हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर। कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में विभिन्न क्षेत्रों से आए लोगों की समस्याएं सुनीं। जनसुनवाई में आवेदकों ने विभिन्न विषयों से संबंधित आवेदन पत्र प्रस्तुत किए। जनसुनवाई में विभिन्न समस्याओं से संबंधित कुल 120 आवेदन पत्र प्राप्त हुए। कलेक्टर श्रीमती सिंह ने जनसुनवाई में प्राप्त आवेदनों का तत्काल निराकरण किया। जिन आवेदन पत्रों का तत्काल निराकरण नहीं हो सका, उन आवेदन पत्रों को निर्धारित समय सीमा में निराकरण करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। एडीएम श्री अरविंद सिंह सहित अन्य विभागीय अधिकारियों ने भी जनसुनवाई में लोगों की समस्याएं सुनी और उनकी समस्याओं का निराकरण किया।

# रक्तदान कर डाइट विद्यार्थियों का बढ़ाया उत्साह



हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर। जिला प्रशासन के मार्गदर्शन में डाइट नरसिंहपुर परिसर में आयोजित रक्तदान शिविर में कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह एवं जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी गजेन्द्र सिंह नागेश ने पहुंचकर रक्तदान कर रहे विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया। उन्होंने रक्तदान को महादान बताते हुए युवाओं से समाजहित के ऐसे सेवा कार्यों में बढ़-चढ़कर भागीदारी निभाने का आह्वान किया। कार्यक्रम के दौरान पीएम श्री उत्कृष्ट विद्यालय नरसिंहपुर के एनसीसी कैडेट्स ने कलेक्टर एवं जिला पंचायत सीईओ को सलामी (सेल्यूट) देकर गरिमामय स्वागत किया। अनुशासित प्रस्तुति ने कार्यक्रम को विशेष गरिमा प्रदान की। इस अवसर पर कलेक्टर एवं जिला पंचायत सीईओ ने डाइट परिसर में पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी दिया। इसके बाद उन्होंने संस्थान में कम बजट में गुणवत्तापूर्ण तरीके से किए गए प्रार्थना कक्ष के जीर्णोद्धार का अवलोकन किया। कार्य की गुणवत्ता और संसाधनों के प्रभावी उपयोग की सराहना करते हुए उन्होंने संस्थान एवं संबंधित अधिकारियों की प्रशंसा की। रक्तदान शिविर में डाइट के स्टॉफ एवं विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए 18 यूनिट रक्तदान किया। जिला चिकित्सालय की ब्लड बैंक यूनिट की प्रभारी डॉ. स्वाती मीणा ने विद्यार्थियों को रक्तदान के महत्व, उससे जुड़े स्वास्थ्य लाभ एवं जन-जागरूकता की आवश्यकता पर जानकारी देकर प्रेरित किया। शिविर के सफल संचालन में जिला चिकित्सालय की ब्लड बैंक यूनिट से डॉ. स्वाती मीणा, लैब टेक्नीशियन एम.एल. चैधरी, डाटा एंट्री ऑपरेटर विष्णु वाल्मीक एवं वार्ड बॉय अभिषेक कहार का महत्वपूर्ण सहयोग रहा। इस अवसर पर डाइट प्राचार्य राजीव किशोर श्रीवास्तव, जिला परियोजना समन्वयक प्रदीप द्विवेदी, विकासखंड शिक्षा अधिकारी ब्रजेश शर्मा, बीआरसी ओ.पी. राय, समस्त एपीसी, बीएसी, डाइट के व्याख्याता तथा बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## नशा मुक्ति का संदेश, जागरूकता के लिए कठपुतली और नुक्कड़ नाटक का हुआ अनोखा आयोजन

हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर। राज्य शासन के निर्देशानुसार और कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह के मार्गदर्शन में जिले नशे से दूरी है जरूरी 2.0 अभियान संचालित किया जा रहा है। सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग द्वारा नरसिंहपुर के सुभाष पार्क में प्रभावी जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान नवयुवकों एवं श्रमिक वर्ग को जागरूक करने के लिए कठपुतली शो एवं नुक्कड़ नाटक का मंचन किया गया। कलाकारों ने अपने सशक्त अभिनय के माध्यम से नशे के दुष्परिणामों को जीवंत रूप में प्रस्तुत किया, जिससे उपस्थित दर्शकों पर गहरा प्रभाव पड़ा। प्रस्तुतियों के जरिए यह संदेश दिया गया कि नशा न केवल व्यक्ति बल्कि परिवार और समाज के भविष्य को भी प्रभावित करता है। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में मौजूद नवयुवकों, श्रमिकों एवं आमजन ने नशे से दूर रहने का संकल्प लिया। इस अवसर पर सामाजिक न्याय विभाग एवं पुलिस विभाग के अधिकारी-कर्मचारी भी उपस्थित रहे और अभियान में सक्रिय सहभागिता निभाई। नशे से दूरी है जरूरी 2.0 अभियान के अंतर्गत आयोजित ऐसे रचनात्मक कार्यक्रम समाज में जागरूकता बढ़ाने के साथ-साथ नशामुक्त वातावरण निर्माण की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं।



## गुरु पूर्णिमा गुरु पूजन का सर्वश्रेष्ठ त्यौहार 2026 में व्यास पूजा

**गोटेगांव नरसिंहपुरः** गुरु की महिमा और पूजा विधिगुरु पूर्णिमा जिसे व्यास पूर्णिमा भी कहा जाता है इस दिन प्रातःकाल स्नान, शुद्ध वस्त्र, स्वच्छ वातावरण और शांत मन के साथ गुरु तथा वेदव्यास की पूजा करने की परंपरा है। अनेक साधक इस तिथि को गुरु पूर्णिमा व्रत के रूप में भी मानते हैं और पूरे दिन संयम, सत्संग और सेवा का विशेष ध्यान रखते हुए अपने-अपने गुरुओं का पूजन करते हैं।मध्य प्रदेश के परमहंसी गंगा आश्रम झोतेश्वर में अनंत श्री विभूति विभूषित ज्योतिष एवं द्वारका शारदा पीठाधीश्वर जगतगुरु शंकराचार्य ब्रह्मलीन स्वामी श्री स्वरूपानंद सरस्वती जी महाराज श्री की पावन तपोभूमि है यहीं पर पूज्य महाराज श्री का समाधि स्थल भी है। 29 जुलाई 2026 को गुरु पूर्णिमा के पावन पर्व पर प्रातः काल 8:30 बजे से गुरु व्यास मंडल पूजन समाधि मंदिर में संपन्न होगा 10:00 बजे भगवती की आरती 10:30 से वैदिक विद्वानों के द्वारा अभिषेक एवं 12:30 बजे से विशाल भंडारा आयोजित है जिसमें आप सभी धर्म प्रेमी सज्जन सादर आमंत्रित हैं।इस वर्ष 29 जुलाई से 26 सितंबर 2026 तक दोनों पीठों के शंकराचार्य जी का चातुर्मास पश्चिमाम्नाय द्वारकाशारदापीठाधीश्वर जगतगुरु शंकराचार्य स्वामी श्री सदानंद सरस्वती जी महाराज श्री का चातुर्मास इस वर्ष राजस्थान के पथमेड़ा नंदगांव, गौधाम में होने जा रहा है।यह चातुर्मास है पूज्य शंकराचार्य जी के द्वारा गौ माता के श्री चरणों में समर्पित है।वहीं उत्तराम्नाय ज्योतिष पीठाधीश्वर जगतगुरु शंकराचार्य स्वामी श्री अविमुक्तेश्वरानन्द सरस्वती जी महाराज श्री का चातुर्मास छत्तीसगढ़ स्थित सलधा में आयोजित है। जहां एक ही मंदिर में सवा लाख शिवलिंग की स्थापना होना है।नारायण समारम्भाम शंकराचार्य मध्यमाम।अस्मदाचार्य पर्यन्ताम वन्दे गुरु परम्पराम।। हम सभी सनातन धर्म की उस पीढ़ी में है जिसके आरंभ में साक्षात नारायण मध्य में आद्य शंकराचार्य जी और अंत में हमारे वर्तमान गुरु जी हैं, भगवान विष्णु से वर्तमान में मेरे अपने गुरु तक आने वाली सभी गुरुओं की इस महान अक्षुण्ण परंपरा को बारंबार वन्दनीय है।दुग्धेन धेनुः कुसुमेन वल्ली शीलेन भार्या कमलेन तोयम ।गुरुं विना भाति न चैव शिष्यः शमेन विद्या नगरी जनेन ।।हम सभी के जीवन में गुरु का महत्व ठीक वैसे ही है जैसे दूध के बिना गाय, फूलों के बिना बेल, शिष्टाचार के बिना विद्यार्थी, पानी के बिना कमल, ज्ञान के बिना शर्म और लोगों के बिना शहर की सुंदरता प्रतीत नहीं होती, वैसे ही गुरु के बिना शिष्य शोभायमान प्रतीत नहीं होता ।



**आचार्य पंडित सोहन शास्त्री**
परमहंसी गंगा आश्रम झोतेश्वर

## विधायक ने थाने में जाकर सौंपा ज्ञापन

### सांसद के खिलाफ अमर्यादित टिप्पणी करने वाले के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग



तेंदूखेड़ा

मंगलवार को नर्मदापुरम नरसिंहपुर संसदीय क्षेत्र के सांसद चौधरी दर्शन सिंह के खिलाफ सोशल मीडिया पर की गई अमर्यादित टिप्पणी को लेकर क्षेत्रीय विधायक विश्वनाथ सिंह पटेल ने अपने भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर पुलिस थाने तेंदूखेड़ा में जाकर एस डी ओ पी अभिनव मिश्रा को एक ज्ञापन सौंपा है। जिसमें विधायक श्री पटेल ने स्पष्ट किया है कि लोकतंत्र में बोलने की स्वतंत्रता तो दी गई है लेकिन किसी निर्वाचित सक्रिय जनप्रतिनिधी के खिलाफ इस तरह की अशोभनीय टिप्पणी नहीं करना चाहिए।वह भी सोशल मीडिया पर प्रसारित करना और भी गलत है।आरोपी पर तत्काल प्रभाव से आवश्यक दण्डात्मक कार्रवाई की मांग की गई है।इस मौके पर भाजपा मंडल तथा नगर इकाई युवा मोर्चा के कार्यकर्ता भी बड़ी संख्या में उपस्थित थे। जिनमें नगर परिषद अध्यक्ष विष्णु शर्मा जिला अनुसूचित जाति अध्यक्ष रामकुमार ठाकुर वरिष्ठ पार्षद संतोष पटेल राजीव अग्रवाल पार्षद रुपम विश्वकर्मा डालचंद पटेल मंडल अध्यक्ष सोनू महाराज एड गगन अग्रवाल डब्बल पांडोरिया पंकज अग्रवाल युवा मोर्चा प्रमुख उदित शर्मा प्रशांत ठाकुर सुजीत दुबे राहुल कौरव सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।

**अभी धान की रोपाई के लिए पर्याप्त पानी की जरूरत है**

# खेतों और फसलों को चाहिए पानी, बरसात ना होने से खेतों में निकल आई दरारें

**तेंदूखेड़ा** इन दिनों मौसम का मिजाज बिगड़ा हुआ है।अभी तक पिछले साल की अपेक्षा बहुत ही कम वारिस हो पाई है।इस वारिस से पूरे साल का हिसाब बनता बिगड़ता है।यदि यही स्थिति रही तो आने वाले समय में गंभीर स्थिति निर्मित हो जायेगी। बरसात के पानी को सहेजने की नितांत आवश्यकता हो गई है। जानकार किसानों का कहना है कि अभी धान की रोपाई के लिए पर्याप्त पानी की जरूरत है। स्थिति यह देखने को मिल रही है कि बरसात जैसे समय में भी विद्युत मोटर पंपों का सहारा लेना पड़ रहा है। जुलाई माह भी आधे से ज्यादा निकल जाने के बाद अगस्त और सितंबर माह में ही बारिस पर नजरें लगी हुई है।





### ग्रोथ नहीं कर पा रही है खरीफ की फसल

इस वर्ष वारिस लेट होने के साथ पर्याप्त मात्रा में पानी नहीं मिलने से मक्का की फसल को उचित माहौल ना मिल पाने के कारण फसल ग्रोथ नहीं कर पा रही है।नींदा नाशक डालने के बाद भी कचड़ा बड़ी संख्या में बढ़ रहा है।इस वर्ष तुअर का रकबा भी बढ़ा हुआ है। लेकिन उसकी पत्ती में भी कीड़े दिखाई दे रहे हैं।लेट वारिस के कारण क्रांति धान के साथ साथ उड़द का भी रकवा बढ़ रहा है।लेकिन अन्य फसलों को पर्याप्त मात्रा में पानी नहीं मिलने और लगातार धूप निकलने के कारण फसलों पर विपरीत प्रभाव पड़ रहा है। अन्य प्रजातियों की धान को पर्याप्त मात्रा में पानी ना मिल पाने के कारण मचाई करके धान का रोपण भी नहीं हो पा रहा है।

### फसल की उपज का नहीं हो पाता है विकास

हमारे प्रतिनिधि को जानकार कृषकों ने बताया कि धान की फसल में यदि बारिश कम होती है या समय पर पानी नहीं मिलता तो इसका असर फसल की हर अवस्था पर पड़ता है। धान पानी पसंद करने वाली फसल है। इसलिए लंबे समय तक नमी की कमी से उत्पादन काफी घट सकता है।अंकुरण और रोपाई के समय बीज का अंकुरण कम होता है।पौधे अच्छी तरह स्थापित नहीं हो पाते।पौधों की संख्या कम हो जाती है।जड़ों का विकास कमजोर रहता है।बढ़वार टिलरिंग के समयकल्ले कम निकलते हैं।पौधे की ऊँचाई कम रह जाती है।पत्तियाँ पतली और छोटी रह जाती हैं।पौधों की बढ़वार रुक जाती है।खरपतवार तेजी से बढ़ने लगते हैं।बालियाँ बनने के समयबालियाँ छोटी बनती हैं।बालियों की संख्या कम हो जाती है।पौधे कमजोर होने लगते हैं।सबसे महत्वपूर्ण अवस्था फूल आने के समय फूल कम बनते हैं।परागण ठीक से नहीं हो पाता।कई दाने बन ही नहीं पाते।खाली (बंझ) दानों की संख्या बढ़ जाती है।इस समय पानी की कमी होने पर सबसे अधिक उपज घटती है।दाना भरने के समयदाने छोटे और हल्के रह जाते हैं।दाने पूरी तरह नहीं भरते।धान का वजन कम हो जाता है।दानों की गुणवत्ता खराब हो जाती है।पानी की कमी के लक्षणपत्तियाँ मुड़ने और सूखने लगती हैं।पत्तियों का रंग हल्का हरा या पीला हो जाता है। खेत में दरारें पड़ने लगती हैं। पौधे मुरझाने लगते हैं। कल्ले कम दिखाई देते हैं।बालियाँ छोटी और कमजोर बनती हैं। पोषक तत्वों पर प्रभाव पानी की कमी से पौधा खाद का पूरा लाभ नहीं ले पाता।नाइट्रोजन की कमी के लक्षण बढ़ सकते हैं।